प्रेषक,

सतीश कुमार

अपर सिविल जज (जू०डि०)

कोर्ट संख्या–01, इटावा।

सेवा में,

श्रीमान महानिबन्धक महोदय,

माननीय उच्च न्यायालय,

इलाहाबाद।

द्वारा– **श्रीमान जनपद न्यायाधीश,**

इटावा।

पत्रांक संख्या– इटावा माह– मार्च 2020।

विषय– शासनादेश संख्या–1363–2–4–2009–45(12)/91 टी.सी. नियुक्ति अनुभाग–4 लखनऊ दिनांकित 13 मई 2009 और शासनादेश संख्या– 1705–दो–4–2011/45(120/91) टी.सी. नियुक्ति अनुभाग लखनऊ दिनांकित 03.01.2017 के अनुसार स्नातकोत्तर उपाधि धारक न्यायिक सेवा के चयनित अभ्यर्थियों को 03(तीन) अग्रिम वेतन वृद्धियां प्रदान किये जाने एवं सर्विस रिकार्ड में स्नातकोत्तर उपाधि शामिल किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

माननीय महोदय से ससम्मान निवेदन करना है कि मैं लोअर जुडिशियल सर्विसेज पी०सी०एस०(जे) परीक्षा वर्ष (2016) के परिणाम घोषित होने के दिनांक 13.10.2017 के समय परिणाम प्रतीक्षा में था जो दिनांक 31.12.2018 को घोषित हुआ।

उत्तर प्रदेश शासनादेश सं०–1363–2–4–2009–45(12)/91 टी.सी. नियुक्ति अनुभाग–4 लखनऊ दिनांकित 13 मई 2009 और शासनादेश संख्या–1705–2–4–2011/45(120/91) टी.सी. नियुक्ति अनुभाग लखनऊ दिनांकित 03.01.2017 के अनुसार पी०सी०एस०(जे) सेवा में चयन होने के पूर्व विधि की स्नातकोत्तर उपाधि (एल.एल.एम.) धारित करने वाले उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा के अधिकारियों को 03 (तीन) अग्रिम वेतन वृद्धियों का लाभ प्रदान किया गया है। मेरे द्वारा पत्र के साथ (एल.एल.एम.) की अंकतालिका एवं डिग्री की प्रति संलग्न की जा रही है।

अतः माननीय महोदय से प्रार्थना है कि माननीय न्यायालय से मुझे भी उक्त शासनादेश के परिप्रेक्ष्य में दिनांक 31.12.2018 से (03)तीन अग्रिम वेतन वृद्धियों का लाभ स्वीकृत कराने व मेरे सर्विस रिकार्ड में स्नातकोत्तर उपाधि शामिल करने की कृपा करें।

माननीय महोदय की महान कृपा होगी।

सादर।

दिनांक– 14.09.2021

भवदीय,

Satish Kumar
14.09.2021

(सतीश कुमार)

J.O. Code– UP 2505

अपर सिविल जज (जू०डि०)

कोर्ट संख्या–01, इटावा।

संलग्नक– (1) LL.M. Degree

(2) Marksheets of LL.M.

(3) LL.M. Result